के कृषि क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा।
इस अवसर पर विधायक आलोक मुखर्जी, बांकुड़ा जिला परिषद की उपस्थित थे। आलोक मुखर्जी ने कहा कि यह सुविधा होने से ग्रामीणों को काफी समस्या दूर होगी।

मीनाक्षी स्नातक प्रशिक्षित विज्ञान शिक्षिका ने पूरी जिम्मेदारी और प्रेरणा के साथ विद्यार्थियों का मार्गदर्शन

# तेज बारिश की ...टी का मकान

मंगलवार को स्टेशन परिसर स्थित साइकिल स्टैंड की एक बड़ी दीवार भरभरा कर ढह गई।
ढह चुकी दीवार का मलबा राष्ट्रीय राजमार्ग 419 पर फैल गया, जिससे आवागमन कुछ समय के लिए पूरी तरह बाधित हो गया और सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। गनीमत रही कि हादसे के समय सड़क खाली थी, जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। स्टेशन प्रबंधक अशोक शर्मा आरपीएफ जवानों के साथ मौके पर पहुंचे और त्वरित कार्रवाई करते हुए मलबा हटवाया। थोड़ी ही देर में यातायात बहाल कर दिया गया।
शर्मा ने बताया कि दीवार की नींव लगातार बारिश से कमजोर हो गई थी, जिससे यह हादसा हुआ।

दैनिक जागरण
आसनसोल सं.
दि. 30.7.25
पृ.सं. 04

# ...क्षा जांच अभियान

- स्कूलों की सुरक्षा को लेकर समाचारीय अभियान आरंभ कर रहा है दैनिक जागरण
- सुरक्षा की पड़ताल करके संबंधित अधिकारियों को दी जाएगी जानकारी

...या कैंपस खुला हुआ है। स्कूल ...क पहुंचने के लिए सड़क है या ...हीं। अगर स्कूल में खेल का

# दुर्गापुर ईएसआइसी ने शुरू की कर्मियों के लिए पंजीकरण योजना

जागरण संवाददाता, दुर्गापुर : ईएसआइसी में पंजीकरण की अनोखा मौका, योजना शुरू की। जिसका नाम पंजीकरण योजना एसपीआरईई दिया गया है, जो एक जुलाई से 31 दिसंबर 2025 तक चलेगी। इस दौरान अपंजीकृत नियोक्ताओं को एक बार का मौका मिलेगा। वे अपनी इकाइयों और कर्मचारियों को डिजिटल माध्यम से पंजीकृत कर सकेंगे। पंजीकरण ईएसआइसी पोर्टल, श्रम सुविधा पोर्टल और एमसीए पोर्टल के जरिए किया जा सकेगा। पंजीकरण की वैधता नियोक्ता द्वारा घोषित तिथि से मानी जाएगी।
पंजीकरण से पहले की अवधि के लिए कोई योगदान या लाभ लागू नहीं होगा। इस अवधि के लिए न तो कोई निरीक्षण होगा, न ही पुराने रिकार्ड की मांग की जाएगी। योजना का उद्देश्य स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देना है। इससे दंडात्मक कार्रवाई का डर खत्म होगा। पहले पंजीकरण न कराने पर कानूनी कार्रवाई और बकाया राशि की मांग की जा सकती थी। इसके साथ ही सर्वक्षमा योजना के तहत न्यायालय में लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा भी किया जाएगा। इसके लिए उप क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्गापुर या संबंधित कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। दुर्गापुर स्थित उप क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा विभिन्न चेंबर के साथ बैठक हो रही है।

# रोटरी क्लब दुर्गा... स्वास्थ्य पर जाग...



दुर्गापुर में जागरूकता कार्यक्रम में संस्था के

जागरण संवाददाता, दुर्गापुर : रोटरी क्लब आफ दुर्गापुर एवं बिल्डर एसासिएशन आफ दुर्गापुर की ओर से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर जागरूकता शिविर का आयोजन अंगदपुर स्थित हरि मंदिर में किया गया। जहां महिलाओं को आयरन व कैल्सियम का टेबलेट भी मुफ्त में प्रदान किया गया।
यहां मुख्य रूप से शिशु रोग विशेषज्ञ डा. दीपान्विता सेन मौजूद थीं, जिन्होंने मातृ व शिशु के स्वास्थ्य पर लोगों को जानकारी दी। हर गर्भवती महिलाओं को खान-पान से लेकर प्रसूती के देखरेख की विभिन्न जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में काफी महिलाएं

# ...जरादेव सेतु के उद्घाटन के साथ...